# कार्यालय–जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, रोशनाबाद हरिद्वार।

## ई–निविदा – भोजन आपूर्ति हेतु

## (निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश एवं शर्ते)

## भाग–एक, खण्ड ''क''–ई–निविदा/भोजन आपूर्ति

स्माज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड द्वारा संचालित राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय, मक्खनपुर, भगवानपुर–हरिद्वार में अध्ययनरत/निवासरत विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष के लिए भोजन की आपूर्ति करने हेतु अनुभवी, जिन्हें विभिन्न संस्थानों में भोजन आपूर्ति करने का अनुभव हो तथा जो खण्ड 'क' एवं 'ख' में उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों, से ई–निविदा के माध्यम से ऑनलाइन (Online) तकनीकी (Technical Bid) एवं वित्तीय बिड (Financial Bid) निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | विवरण/कार्यक्रम | निर्धारित तिथि/मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट https://uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 21 नवम्बर, 2025 |
| 2 | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को (online upload) करने की तिथि एवं समय | 21 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 प्रातः 11 बजे तक |
| 3 | निम्नलिखित को दो पृथक लिफाफों में बन्द करके तथा दोनों को एक लिफाफे में सीव्ड कर कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार में उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि<br>1. बिड फार्म, 2. धरोहर राशि, 3. निविदा शुल्क,<br>4 नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र | 21 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 अपराह्न 12 बजे तक |
| 4 | तकनीकी बिड खुलने की तिथि | 04 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 2 बजे कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार में। |
| 5 | वित्तीय बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड के परीक्षण के उपरान्त |
| 6 | निविदा आवेदन पत्र शुल्क | 2500+18%GST=Rs. 2950 |

2– निविदाओं से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिये कार्यालय जिला समाज कल्यांण अधिकारी, विकास भवन, रोशनाबाद हरिद्वार में सर्म्पक कर सकते हैं।

**3–** ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को Online Upload करने के लिये निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश, शर्तें एवं निविदा आवेदनपत्र का प्रारूप वेबसाइट, https://.uktenders.gov.in से Download कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी/सचिव
हरिद्वार।

# कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार।

पत्रांक 4120 /स0क0/भो0–ई/निविदा–विज्ञा0/2025–26 दिनांक 20-11-2025

प्रतिलिपि : निम्नलिखित दैनिक समाचार पत्रों को शासकीय दरों पर (12 X 14 सेमी साईज) में प्रकाशित करने हेतु।

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक समाचार पत्र, अमर उजाला एवं दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने अधीन प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दरों में प्रकाशित करने के साथ भुगतान हेतु दो प्रतियों में बिल जिला सूचना अधिकारी, हरिद्वार से सत्यापित कराते हुए इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. नोडल अधिकारी, आई0टी0सैल, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति संलग्नकों सहित विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

जिला समाज कल्याण अधिकारी/सचिव
हरिद्वार।